प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में देश का 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पंतनगर। 27 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय में देश का 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने प्रातः 9:00 बजे विश्वविद्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में कुलपति आवास तराई भवन पर ध्वजारोहण किया तदोपरान्त 9:25 बजे गांधी मैदान में भारी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों एव कर्मचारियों के मध्य ध्वजारोहण किया और देश की एकता व बंधुता को बनाये रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने असंख्य शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया जिनके बलिदानों की नींव पर भारत स्वतंत्र रूप से खड़ा है।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा. चौहान ने 76वें गणतंत्र दिवस की थीम 'स्वर्णिम भारत, विरासत और विकास' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में कृषि, संस्कृति एवं संस्कार हमें विरासत में मिला है जिसमें कृषि को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्वालिटी हयूमन रिसोर्स को तैयार कर शोध कार्यों के माध्यम से नवीन तकनीकों का विकास करना तथा उन तकनीकों को हितधारकों/किसानों तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य उदेद्श्य है। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि विश्वविद्यालय लगभग 45,000 से अधिक क्वालिटी हयूमन रिसोर्स को तैयार कर चुका है जो देश ही नहीं वरन विदेशों में भी अपनी सेवायें दे रहे है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय एल्यूमिनाई विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। हाल ही में श्री पंकज जोशी गुजरात सरकार में मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण किये और कृषि महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे श्री विनय क्वात्रा अमेरिका में राजदूत के रूप में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आयोजित किये गये दीक्षांत समारोह में 1172 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयीं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय विभिन्न फसलों की प्रजातियों एवं तकनीकों के विकास के साथ–साथ अच्छी गुणवत्ता वाले शोध पत्रों के प्रकाशन में अग्रणी है। शोध को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किये गये जिसमें रूस के तीन विश्वविद्यालयों और स्लोवेनिया प्रमुख है। इस वर्ष भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित एक्रिप की चार परियोजनाएं क्रमशः दलहन, मशरूम, जैविक खेती एवं जैव नियंत्रण को सर्वोत्तम परियोजना से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कई वैज्ञानिकों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नई तकनीकों के प्रचार–प्रसार हेतु भरपूर प्रयास किया गया। इसी क्रम में गतवर्ष कृषकों हेतु 352 प्रशिक्षण आयोजित किये गये। विभिन्न विभाग अपने स्तर पर पूरे मनोयोग से विश्वविद्यालय हित में योगदान दे रहे हैं। विश्वविद्यालय के फार्म पर गत वर्ष धान के उत्पादन में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्वविद्यालय के सुरक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबन्ध रखा है इसके लिए उन्होंने सुरक्षाधिकारी एवं उनकी टीम को बधाई दी। इसी क्रम में पूरे विश्वविद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है तथा परिसर को पालीथीन मुक्त बनाया गया है। अंत में उन्होंने सभी को पुनः गणतंत्र की शुभकामनाओं के साथ 'जय हिन्द' के तीन बार उद्घोष कर अपने भाषण को विराम दिया।

तराई भवन एवं गांधी पार्क के अतिरिक्त विभिन्न शोध केन्द्रों पर उनके प्रभारी अधिकारियों तथा विश्वविद्यालय फार्म पर मुख्य महाप्रबंधक (फार्म) डा. जयंत सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा अनुभाग में कुलपति इलेवन एवं रजिस्ट्रार इलेवन के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें कुलपति इलेवन ने रजिस्ट्रार इलेवन को हराया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक आदि उपस्थित थे।

कुलपति आवास तराई भवन पर गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के उपरांत तिरंगे को सलामी देते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य को सम्बोधित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार